प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बंगाल-अब तो वामदल अतीत की यादें हो गए पेज- 2

पेज-6 बाइक गिरने से शराब ठेका सेल्समैन की मौत

वर्ष : 15 अंक : 95 | शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगने की जरुरत नहीं, अब घर पर पहुचेगा : योगी आदित्यनाथ

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को



राज्य की जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है, निर्धारित समय पर बुकिंग कराएं, सिलेंडर आपके घर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह आवश्यकता होने पर ही पेट्रोल–डीजल लेने जाएं। योगी आदित्यनाथ गोरखापुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग अफवाहें फैला कर राज्य का माहौल खराब करना चाहते हैं। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, पश्चिम एशिया युद्ध के पहले अगर किसी के घर रसोई गैस का सिलेंडर एक महीने चलता था, तो वह आज पांचवें या छठे दिन ही सिलेंडर लेने क्यों पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, निर्धारित समय पर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग कराएं, आपकी बारी आने पर रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सरकार ने सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जैसे पहले गैस सिलेंडरों की घर पर डिलीवरी होती थी, वैसे ही अब भी होगी। इसके लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, अगर हम उतावलेपन में आकर किसी अफवाह पर भरोसा करते हैं या दुष्प्रचार के चक्कर में पड़ते हैं तो हमारी राष्ट्रभक्ति पर लोग संदेह करेंगे। हमको यह सतर्कता रखनी होगी। हमें अपने राष्ट्रीय नेतृत्व पर विश्वास रखकर धन्यवाद देना चाहिए कि भारत में सब कुछ अच्छा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ईरान और अमेरिका युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित है लेकिन, यह युद्ध लंबा खिंचा तो हर व्यक्ति प्रभावित होगा और इसके लिए सभी को मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।

## पीएम मोदी और ईसी के एआई फेक वीडियो पर एक्शन

### -केरल पुलिस ने एक्स पर दर्ज किया केस

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया मंच एक्स और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस वीडियो में कथित तौर पर प्रधानमंत्री और निर्वाचन आयोग को भ्रामक एवं मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित मानहानिकारक सामग्री की जानकारी उन्हें भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक माध्यमों से मिली। पुलिस ने कहा, जांच करने पर यह पाया गया कि यह सामग्री जनता को गुमराह कर सकती है, संवैधानिक निकायों की विश्वसनीयता कम कर सकती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। पुलिस ने कहा कि बुधवार देर रात तिरुवनंतपुरम शहर के साइबर अपराध थाने में मामला दर्ज किया गया तथा



दोषी का पता लगाने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 336 (जालसाजी), 353 (सार्वजनिक अशांति को बढ़ावा देने वाले बयान), 3(5) (साझा इरादा) और 174 (चुनाव में अनुचित प्रभाव या किसी अन्य के रूप में खुद को पेश करने के मामले में दंड) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी (पहचान की चोरी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, एक मिनट 17 सेकंड का वीडियो समाज में दंगे भड़काने के इरादे से सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया गया था और एक्स ने सामग्री को हटाने के संबंध में अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद उसे प्रसारित होने दिया था। पुलिस ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मध्यस्थ मंच को आवश्यक कानूनी नोटिस जारी किए गए और गैरकानूनी सामग्री को शीघ्रता से हटाने का निर्देश दिया गया। आदर्श आचार संहिता और लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार, केरल पुलिस की साइबर ऑपरेशन शाखा ने वीडियो के आगे प्रसार को रोकने के लिए तत्काल उपाय शुरू किए। पुलिस ने कहा, आम जनता को उचित सावधानी बरतने और विशेष रूप से चुनाव अवधि के दौरान अपुष्ट या भ्रामक सामग्री बनाने, साझा करने या फैलाने से बचने की सलाह दी जाती है। पुलिस ने यह भी कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को बाधित करने या प्रभावित करने का प्रयास करने वाली किसी भी गतिविधि के खिलाफ त्वरित, कानूनी और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

### घरवालों से नाराज होकर दिल्ली से देहरादून पहुंची तीन नाबालिग बहनें

(एजेंसी) देहरादून। परिजनों से नाराज होकर दिल्ली से देहरादून पहुंचीं तीन नाबालिग सगी बहनों को नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसआई नीलम पंत के अनुसार, स्थानीय व्यक्तियों से सूचना मिली कि रिस्पना पुल के पास तीन लड़कियां घूम रही हैं जो बातचीत में घर से नाराज होकर देहरादून आने की बात बता रही है। सूचना पर महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंची लेकिन लड़कियां नहीं मिलीं तो चीता पुलिस के माध्यम से तलाश में तीनों नाबालिग लड़कियां विधानसभा तिराहा के पास घूमते मिलीं। जिन्हें थाने पर लाया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे आपस में सगी बहनें हैं और परिजनों से नाराज होकर अपने घर अनाजमंडी दिल्ली से देहरादून आ गई थीं। इस संबंध में दिल्ली सदर बाजार थाने में संपर्क किया गया तो पता चला कि इन तीनों की गुमशुदगी दर्ज है, जिसके बाद इनके परिजनों से संपर्क कर इनके देहरादून में होने की जानकारी दी गई। सूचना पर बच्चियों के परिजन दिल्ली से देहरादून पहुंचे, जहां पुलिस द्वारा तीनों को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## डॉक्टर्स की निगरानी ..सेहत में सुधार, सोनिया गांधी का आया हेल्थ अपडेट

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को संक्रमण होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी सेहत में सुधार हो रहा है, हालांकि वह अब भी चिकित्सकीय निगरानी में हैं। सर गंगाराम अस्पताल के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने कहा कि गांधी को 24 मार्च की रात को भर्ती कराया गया था। संक्रमण के उपचार के लिए उन्हें एंटीबायोटिक्स दी जा रही हैं और उन पर दवाओं का अच्छा असर हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं जो उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। सूत्रों ने बताया कि एहतियात के तौर पर सोनिया गांधी को



अगले कुछ दिनों तक अस्पताल में निगरानी में रखा जाएगा और उनकी हालत स्थिर है। सोनिया गांधी (79) को बुखार होने के बाद मंगलवार रात करीब 10 बजकर 22 मिनट पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने पहले कहा था कि मौसम बदलने के कारण उनकी तबीयत खराब हुई है।

## राहुल गांधी अनुभव से नहीं सीखते, वह भाजपा की बी–टीम हैं : विजयन

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक हस्ती होने के बावजूद वह अनुभव से सीखते नहीं हैं। विजयन ने गांधी एवं उनकी पार्टी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी–टीम होने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब एक दिन पहले बुधवार को गांधी ने आरोप लगाया था कि केरल के मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसियों की कथित निष्क्रियता वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और भाजपा के बीच साठगांठ का सबूत है। विजयन ने कांग्रेस नेता के आरोप को लेकर यहां कोठमंगलम में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, भले ही वह (राहुल) एक राष्ट्रीय नेता हैं लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें क्षेत्रीय नेता जैसी समझ भी नहीं है। वह किसी भी बात को स्पष्ट रूप से समझने की कोशिश नहीं करते। वह अनुभव से सीखते नहीं हैं। उन्होंने कहा, श्ये किसी राजनीतिक नेता को शोभा देने वाली बात नहीं हैं। कांग्रेस के एक अहम नेता में इतनी गिरावट कैसे आ सकती है? यह सब दिखाता है कि भारत में राहुल गांधी और कांग्रेस, भाजपा की बी–टीम हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के एक चुनावी कार्यक्रम में कहा था कि देशभर में विपक्ष के नेताओं को भाजपा के खिलाफ लड़ने के कारण निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए




गए लेकिन विजयन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले आगे नहीं बढ़ रहे और यह एलडीएफ एवं भाजपा के बीच मिलीभगत का संकेत था। विजयन ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली में, आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की मांग राहुल गांधी और कांग्रेस ने की थी लेकिन बाद में केजरीवाल बरी हो गए और यह भाजपा एवं राहुल समेत कांग्रेस के मुंह पर तमाचा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप के साथ हाथ मिलाने के बजाय कांग्रेस ने केजरीवाल की पार्टी का विरोध किया जिससे वहां भाजपा की जीत हुई। विजयन ने दावा किया कि इसी तरह हरियाणा और बिहार में भाजपा के खिलाफ गठबंधन को आगे नहीं बढ़ा पाने में कांग्रेस की विफलता के कारण उन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की जीत हुई। उन्होंने कहा, यह सब दिखाता है कि कांग्रेस भाजपा को जिताने में मदद कर रही है और उसकी साझेदार के रूप में काम कर रही है। विजयन ने कहा कि केरल में एलडीएफ को हराने के लिए दशकों से कांग्रेस ही भाजपा के साथ गठजोड़ करती रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और भाजपा, दोनों की मानसिकता एक जैसी है।

## विश्वगुरु की कूटनीति फेल, टूटे देश को ब्रोकर बना दिया: पाक को लेकर पीएम मोदी पर बरसी कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष में पाकिस्तान की मध्यस्थता की खबरों और सरकार के दलाल राष्ट्र वाले बयान को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का कहना है कि स्वयंभू विश्वगुरु की कूटनीति और नैरेटिव की विफलता के कारण ही एक टूटा हुआ देश (पाकिस्तान) अब एक ब्रोकर (दलाल) देश बन गया है। कांग्रेस के महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति पर जमकर निशाना साधा। रमेश ने कहा कि अनुभवी विदेश मंत्री एस. जयशंकर क्षेत्रीय कूटनीति में भारत को लगे झटके और चरम शर्मिंदगी पर पर्दा डालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पाकिस्तान एक मध्यस्थ के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाला है कि पाकिस्तान को इस भूमिका के योग्य माना जा रहा है। यह वह देश है जिसने चार दशकों तक भारत और अन्य देशों में आतंकवाद फैलाया, ओसामा बिन लादेन जैसे खूंखार आतंकियों को पनाह दी और परमाणु अप्रसार कानूनों का उल्लंघन किया। जिसका जिक्र खुद पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ ने एक्यू खान नेटवर्क के संदर्भ में किया था। रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति को श्डींगों और कायरताश से भरा हुआ बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मध्यस्थ के



रूप में विचार किया जाना ही भारत की कूटनीतिक शैली और उसके असर की सबसे बड़ी विफलता है। स्टाइलिश और लंबे समय से अनुभवी कहे जाने वाले विदेश मंत्री पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए बातचीत में पाकिस्तान के मध्यस्थ और पहलकर्ता के रूप में उभरने से भारत को हुई भारी शर्मिंदगी और क्षेत्रीय कूटनीति को लगे झटके को ढकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। जयराम रमेश ने मौजूदा सरकार की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार से करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमलों के बाद दुनिया को पाकिस्तान की नापाक भूमिका के बारे में सफलतापूर्वक आश्वस्त कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग–थलग कर दिया था। इसके विपरीत, 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भड़काऊ बयानों के बावजूद, भारत पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अलग–थलग करने में विफल रहा। रमेश ने दावा किया कि 10 मई 2025 के बाद यह स्पष्ट हो गया कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम के चहेते बन गए हैं। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भी एक्स पर सरकार को घेरा। उन्होंने पूछा कि जब पीएम मोदी रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता करने के लिए बेताब थे, तो क्या भारत एक ब्रोकर देश था? यह चयनात्मक मध्यस्थता है या चयनात्मक याददाश्त? रमेश ने इसे मोदी की हगलोमेसी (गले मिलने की कूटनीति) की विफलता करार दिया। पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए संसद भवन में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया था। विदेश मंत्री जयशंकर ने कथित तौर पर बैठक में कहा था कि हम कोई दलाल राष्ट्र नहीं हैं। सरकार ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं हैय 1981 से अमेरिका द्वारा पाकिस्तान का इस्तेमाल किया जाता रहा है।सरकार ने बताया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह संदेश दिया है कि अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द समाप्त होना चाहिए क्योंकि इससे सभी का नुकसान हो रहा है। सरकार ने विपक्ष के चुप्पी वाले आरोप को खारिज करते हुए कहा कि खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा और घरेलू ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना उसकी प्रमुख चिंता है, जिसमें वह अब तक सफल रही है। विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक में सरकार द्वारा दिए गए जवाबों को असंतोषजनक करार दिया है। विपक्षी दलों ने मांग की है कि पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत की कूटनीति पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विस्तृत बहस कराई जाए।

## रामनवमी पर प्रधानमंती मोदी ने दी देशवासियों को बधाई, सीएम योगी ने की अपील

### कहा-शांति और सौहार्द के साथ मनाये पर्व

(एजेंसी) लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि अंनतकाल तक पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ–साथ संपूर्ण मानवता के पथ–प्रदर्शक बने रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यही मूल्य 'रामराज्य' की संकल्पना का आधार हैं। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की



अव्यवस्था न हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को श्रद्धा, उल्लास और अनुशासन के साथ मनाएं तथा सामाजिक सौहार्द और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करें। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और आदर्शों का उदाहरण है। उन्होंने समाज में मर्यादा, त्याग, कर्तव्य परायणता और नैतिक मूल्यों की स्थापना की, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक समरस, सशक्त और आदर्श समाज के निर्माण हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्भाव लेकर आए।

# जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला वांछित इनामिया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर फर्जी जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले एक अन्य



वांछित इनामिया अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चौतुवा द्वारा 12 फरवरी को थाना मटौंध पर अपने 34 बीघा जमीन की कुछ लोगों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजी.त करते हुए थाना मटौंध पुलिस द्वारा 06 अभियुक्तों को पूर्व में गिरतार किया जा चुका है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरतारी के क्रम में आज 26 मार्च को थाना मटौंध पुलिस द्वारा एक अन्य वांछित इनामिया अभियुक्त को गोयरा तिराहे के पास से गिरतार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त रज्जू उर्फ नेमकुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी गोड़ी बाबा खुटला थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा के विरुद्ध मु0अ0सं0 29/26 ध ाारा 319(2), 318(4), 338, 336(3) 340(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना मटौंध में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मटौंध दीपेन्द्र सिंह नि0 इंदल यादव उप निरीक्षक दारा सिंह का0 शिवम यादव का0 पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# टक्कर के बाद धूं-धूंकर जले ट्रक, जिंदा जले लोग, एक गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जिले के मटौंध थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह आमने–सामने की भिड़ंत के बाद दो ट्रकों में आग लग गई जिससे तीन लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बांदा नगर क्षेत्र की पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) मेविस टाक ने बताया कि मटौंध थानाक्षेत्र में मुंडेरी मोड़ पर बांदा–महोबा राष्ट्रीय राजमार्ग में बृहस्पतिवार सुबह दो ट्रकों में आमने–सामने की टक्कर हो गई, जिससे उनमें भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रकों में फंसे चालक सुरेश पांडेय (55), सूरज नाथ उर्फ साध ु (43) और परिचालक (खलासी) सनी (28) की जिंदा जलकर मौत हो गयी, जबकि अभिषेक यादव (23) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सीओ ने बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वालों और घायल के परिजनों को सूचना दे दी गयी है तथा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# पर्यावरण गोष्ठी का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में पांचवें दिन पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया इस गोष्ठी में नीता सिंह विनोद शुक्ला संजीत मिश्रा ने



पर्यावरण के बारे में अपने–अपने विचार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने पर्यावरण पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि शासन की राष्ट्रीय सेवा योजना से गांव तथा मलिन बस्तियों में विशेष सुधार होने की संभावना पाई जा रही है। स्वयंसेवक सेविकाओं ने गांव में प्रचार प्रसार किया वहां काफी सुधार की संभावना पाई जा रही है। कार्यक्रम में सभी सेवक सेविकाओं ने मलिन बस्ती की महिलाओं को अपने पास पड़ोस को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक–एक वृक्षलगाने के लिए प्रेरित किया गया सारिका मौर्य अंशिका जायसवाल तनुष्का और प्रीति देवी ने पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम में नारे लगाए कार्यक्रम में रमेश चंद्र मिश्रा और .ष्ण चंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने पर्यावरण की समीक्षा करते हुए कहा कि इसी प्रकार शासन की यदि यह नीति संचालित रही तो गांव में काफी सुधार होने की संभावना पाई जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत पचपकड़ी में 25 मार्च को एक महिला ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतका का नाम कोयली पुत्री हजारी उम्र करीब 40 वर्ष जिसकी शादी करीब 20 वर्ष पूर्व हरीहर पुत्र माता दीन निवासी साईगांव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के साथ हुई थी। मृतका शादी के बाद अपने ससुराल कभी नही गयी। वह अपने मायके मे ही रहती थी। घर वालो का कहना है की कोई वाद विवाद नही हुआ था। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया इसकी सूचना मिली है जिले से फोरेंसिक टीम बुलाया गया है। जांच उपरांत तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# युवती को भगा ले जाने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा–किशनपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के गांव में मां ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मां का आरोप है कि उसकी बेटी अचानक घर से गायब हो गई। पुत्री के गायब होने के बाद परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान ग्रामीणों से पता चला कि युवती को सातों गांव निवासी रोशन कोटार्य अपने साथ भगा ले गया है। जिसके बाद युवती की मां ने पुलिस से मामले की शिकायत की हैं। मां की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि तहरीर के आध ाार पर अभियोग पंजी.त कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का प्रभारी मंत्री ने किया विमोचन

## - नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुई प्रेस-वार्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में 18 से 26 मार्च तक आयोजित समारोह के अन्तिम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता से पूर्व प्रदेश के मंत्री .षि, .षि शिक्षा एवं .षि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, अपना दल के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शाही ने उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा के संकल्प के 09 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों का आभार ज्ञापित किया। श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ सुरक्षा, सुशासन और विकास की नई यात्रा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने आज उत्तर प्रदेश नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में देश के सामने एक मॉडल के रूप में उभरा है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में भी गुणात्मक वृद्धि हुई है। प्रदेशवासियों की आय में 03 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2029–30 तक उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाये जाने का लक्ष्य है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीते 09 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अराजकता से व्यवस्था, निराशा से विश्वास, बीमारू से विकासशील की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णायक, पारदर्शी और परिणाममुखी नेतृत्व के परिणामस्वरूप आज पूरा देश हमारे



राज्य उत्तर प्रदेश को देख रहा है, सीख रहा है, प्रेरणा ले रहा है। कानून का राज, पारदर्शी नीति व प्रशासन, अंतिम व्यक्ति तक लाभ की गारंटी के कारण उत्तर प्रदेश मात्र घोषणाओं का नहीं, बल्कि परिणामों का प्रदेश के रूप में पहचाना जाता है। योगी सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो टालरेन्स नीति के कारण नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है। माफियाओं का प्रदेश आज महोत्सव प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है, आज बच्चों के हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन है जिसके सहारे वे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि .षि एवं किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन 557 लाख मी.टन से बढ़कर वर्तमान में 737 लाख मी.टन हो गया जो कि देश में सर्वाधिक है। गन्ना मूल्य भुगतान की बात की जाये तो प्रदेश सरकार द्वारा 09 वर्षों में 3.15 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान .षकों को किया गया है। प्रदेश के 3.12 करोड़ किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि के रूप में 99 हजार करोड़ से अधिक की ध नराशि का अन्तरण किया जा चुका है। किसानों और सरकार की योजनाओं के बीच बिचौलियों की नो इन्ट्री को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सभी प्रकार के बीज, खाद एवं .षि यन्त्रों पर देय अनुदान सीधे किसानों के खातों में अन्तरित किये जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 15 करोड़ नागरिकों को मुत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले 9 वर्षों में प्रदेश के छः करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। प्रदेश में गरीबों के मुत इलाज के लिए 5.60 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड, 9 करोड़ लोगों को आयुष्मान बीमा कवर, 01 कारोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों को प्रतिमाह रू. 01 हजार की दर से पेंशन प्रदान की जा रही है जिसे अगले माह से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह किया जा रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों को लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए कन्या सुमंगला योजना संचालित की जा रही है। प्रदेश की 1.06 करोड़ महिलाओं को स्वय सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है तथा 18 लाख महिलाएं लखपति दीदी हैं। प्रदेश में सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से आज महिलाएं सुरक्षा से आगे बढ़कर आर्थिक शक्ति बन रही हैं। प्रदेश में सशक्त कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 2.19 लाख पुलिस कर्मियों की भर्ती की गई है। माफियाओं पर नकेल कसने के लिए माफिया सम्पत्तियों को जब्त ध्वस्त किया गया है। प्रदेश में अपराध ी गैंगों को समाप्त किया गया है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ही निवेश व विकास का सबसे बड़ा आध ार है। बेटी हो या व्यापारी सभी सुरक्षित हैं। शान्तिपूर्ण माहौल के नतीजे में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है। काशी विश्वनाथ कारीडोर व अयोध्या में विकास कार्य से भी पर्यटन विकास हुआ है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर की बात की जाये तो यूपी में एक्सप्रेस–वे की संख्या 22 होने वाली है। जल्द ही प्रदेश को गंगा एक्सप्रेस–वे का तोहफा मिलने वाला है। प्रदेश में 16 एयरपोर्ट क्रियाशील है साथ ही 08 निर्माणाधीन हैं। प्रदेश को 50 लाख करोड़ से अधिक धनराशि के निजी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे 01 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित वृहद रोजगार मेले के माध्यम से एक हजार से अधिक युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है तथा आडिटोरियम में आयोजित विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से आमजनमानस को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

# उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ वृहद रोजगार मेला

## - प्रभारी मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बाटे जॉब आफर लेटर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर



उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्थान आडिटोरियम में 09 दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन प्रदेश के मंत्री .षि, .षि शिक्षा एवं .षि अनुसंधान विभाग, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, विध ाायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। नौ दिवसीय समारोह के अन्तिम दिन आयोजित हुए वृहद रोजगार मेले में 09 नियोजकों द्वारा प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी कड़ी में सोमवार को आयोजित हुए रोजगार मेले में 19 नियोजक, मंगलवार को आयोजित हुए मेले में 10 नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुए मेले के दौरान कुल 1056 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न नियोजकों द्वारा किया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 06 लाभार्थियों को डेमो चेक तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान निधि योजना के तहत मोची, कुम्हार, लोहार व बढ़ई ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को टूल किट तथा श्रम विभाग द्वारा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 04 लाभार्थियों को स्वी.ति–पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ 10 लाभार्थियों को जाब ऑफर लेटर, 06 लाभार्थियों को डेमो चेक, टूल किट तथा स्वी.ति पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 09 दिवसीय समारोह के दौरान आडिटोरियम परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला स्वयं सहायता समूह, जिला मिशन प्रबन्धन इकाई, ओडीओपी, चिकित्सा विभाग, गन्ना विभाग, आईसीडीएस विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर विभागीय प्रचार–साहित्य इत्यादि का वितरण कर आमजन को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सम्बोधि ात करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिलो में मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित कर साक्षात्कार के माध्यम से युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें दक्ष बनाया जा रहा है। जिससे वे सेवायोजित होकर अथवा अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। श्री शाही ने युवाओं का आहवान किया कि सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं ताकि शासन की मंशानुरूप आपको सेवायोजित कराया जा सके। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, लीड बैंक प्रबन्धक जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# मजहब, जाति से ऊपर उठकर ईरानी मजलूमों की मदद को आगे आ रहे लोग

## – उठ रहा सवाल, ईरान तक कैसे पहुंचेगी मदद

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। अमरीका व इजराइल द्वारा ईरान पर हुए हमलों के बाद जहां तबाही की तस्वीरों ने दुनिया भर को झकझोर दिया है, वहीं भारत की अवाम ने इंसानियत की एक मिसाल पेश की है। कश्मीर से लेकर देश के कोने–कोने तक लोग मजहब, जाति और तबकों से ऊपर उठकर ईरानी मजलूमों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और सार्वजनिक स्थानों पर लोग दिल खोलकर चंदा दे रहे हैं। यह मदद सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन गई है। हालांकि, इस पूरी मुहिम के बीच एक अहम सवाल भी उठने लगा हैकि यह मदद आखिर ईरान तक कैसे पहुंचेगी। इसी क्रम में जहां अवाम के इस जज्बे की जमकर सराहना की जा रही है, वहीं कुछ जिम्मेदार आवाजें इस पर चिंता भी जता रही हैं। मशहूर आलिम स्वर्गीय डॉ. कल्बे सादिक के बेटे कल्बे सिब्तेन नूरी ने अपने एक बयान में कहा है कि इस तरह की भावनात्मक मदद को सही दिशा देने के लिए एक स्पष्ट गाइडलाइन बेहद जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोग पूरी नीयत और भरोसे के साथ मदद कर रहे हैं लेकिन अगर इसके लिए कोई अधि.त और पारदर्शी तरीका न हो, तो यह कोशिशें सही जगह तक नहीं पहुंच पाएंगी। उनका कहना है कि ईरान या उससे जुड़े आधिकारिक संस्थानों को चाहिए कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक स्पष्ट व्यवस्था और गाइडलाइन जारी करें, ताकि दुनिया भर से आने वाली मदद सही और जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। यह बयान ऐसे समय में आया है जब जज्बात अपने चरम पर हैं और लोग बिना किसी हिचक के मदद के लिए आगे आ रहे हैं। ऐसे में एक व्यवस्थित प्रणाली न सिर्फ इस मदद को प्रभावी बना सकती है, बल्कि लोगों के भरोसे को भी कायम रख सकती है। कुल मिलाकर, जहां एक तरफ इंसानियत का यह जज्बा उम्मीद जगाता है, वहीं दूसरी तरफ यह जरूरत भी महसूस हो रही है कि इस जज्बे को सही दिशा और मुकम्मल मंजिल मिले, ताकि मदद सच में उन तक पहुंचे जिनके लिए यह दी जा रही है। अमरीका और इजराइल द्वारा ईरान पर हुए हमलों के बाद जहां भारत में इंसानियत के नाम पर मदद का सिलसिला तेज हुआ है, वहीं अब इस मुहिम को लेकर नई बहस भी शुरू हो गई है। एक ओर आम लोग बढ़–चढ़कर चंदा दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ तबकों में इस बात को लेकर एतराज भी सामने आ रहा है कि आयतुल्ला की तस्वीर रखकर सार्वजनिक तौर पर चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। विरोध करने वालों का कहना है कि मदद का यह तरीका लोगों की भावनाओं को प्रभावित करता है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और सादगी बनाए रखना जरूरी है। इसी बीच अवाम के बीच एक और चर्चा जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि बड़े औकाफ और ध ार्मिक संस्थानों को भी इस मुश्किल घड़ी में आगे आना चाहिए। खासतौर पर दरगाह हजरत अब्बास जैसी अहम जगहों का जिक्र किया जा रहा है, जहां बड़े पैमाने पर धन, सोना–चांदी और अन्य कीमती संसाधन मौजूद बताए जाते हैं। जनचर्चा में यह बात सामने आ रही है कि इन संस्थानों के मुतवल्लियों को चाहिए कि वे अपने संसाधनों का एक हिस्सा ईरान के प्रभावित लोगों की मदद के लिए भेजें, ताकि असल राहत जरूरतमंदों तक पहुंच सके। साथ ही यह मांग भी उठ रही है कि अंजुमनों और सामाजिक संगठनों को इस मुद्दे पर खुलकर आवाज उठानी चाहिए। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अगर कोई मुतवल्ली या जिम्मेदार इस दिशा में पहल नहीं करता, तो समाज को उसके खिलाफ सामाजिक स्तर पर विरोध दर्ज कराना चाहिए। हालांकि, दूसरी ओर कई लोग यह भी मानते हैं कि ऐसे मामलों में भावनाओं के बजाय




कानूनी और संस्थागत प्रक्रियाओं का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि किसी भी तरह का विवाद या गलतफहमी पैदा न हो। कुल मिलाकर, जहां एक तरफ मदद का जज्बा अपने चरम पर है, वहीं दूसरी तरफ इस मदद के तरीकों, पारदर्शिता और जिम्मेदारी को लेकर बहस भी तेज हो गई है,जो यह दिखाती है कि अवाम न सिर्फ मदद करना चाहती है, बल्कि यह भी चाहती है कि उसकी मदद सही दिशा में और सही तरीके से इस्तेमाल हो।

# कालिंजर किले को भूविरासत का मिला दर्जा, राम वन गमन पथ से जुड़ेगा इतिहास का संगम

## – चित्रकूट में श्रद्धालुओं के लिए विशेष पैकेज और बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को लगेंगे पंख

## – चित्रकूट में रामघाट, परिक्रमा मार्ग समेत कई धार्मिक स्थलों पर हुआ कार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों को योगी सरकार सजाने संवारने का काम कर रही है। जिसके क्रम में बांदा के ऐतिहासिक कालिंजर के लिए और भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट के लिए विशेष पैकेज और बेहतर कनेक्टिविटी का तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद यहां पर पर्यटन को पंख लगेंगे। वहीं अभी हाल ही में ऐतिहासिक कालिंजर के लिए को भू विरासत का दर्जा भी मिल चुका है जिससे यहां पर पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राम वन गमन पथ का भी कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके बन जाने के बाद यहां पर आस्था और इतिहास का संगम दिखाई देगा। जहां पर्यटक कालिंजर के किले के इतिहास को यहां आकर करीब से जानेंगे और महसूस करेंगे तो वही चित्रकूट पहुंचकर आस्था से जुड़ेंगे और इसको लेकर चित्रकूट और कालिंजर के लिए विशेष पैकेज और बेहतर कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। 5 करोड़ की लागत से कालिंजर में बनाया गया पर्यटन सुविधा केंद्र ऐतिहासिक कालिंजर के किले में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यहां पर सरकार के द्वारा किले के समीप लगभग 5 करोड रुपए की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही किले में भी जो ऐतिहासिक व प्राचीन महल है। उनके संरक्षण को लेकर भी कार्य कराया गया है। वही किले के अंदर की सड़कें व अन्य पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर कार्य कराए गए हैं। जिसके बाद यहां पर पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी भी देखने को मिल रही है और देश और विदेश के पर्यटक यहां पर आ रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति सरकार है गंभीर पर्यटन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्ट आर के रावत ने बताया कि जहां बांदा के कालिंजर के लिए में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सरकार के द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं तो वही चित्रकूट में भी धार्मिक स्थलों पर कार्य कराए गए हैं। जहां रामघाट में घाटों का निर्माण, लाइटिंग व अन्य जरूरी सुविधाओं के कार्य पूर्ण किए गए हैं। तो वहीं उत्तर प्रदेश के हिस्से में आने वाले कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में भी लाइट, टाइल्स समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर कार्य कराया गया है। इन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर है। जिसको लेकर बांदा और चित्रकूट में जो भी पर्यटन स्थल है। उनमें तेजी से कार्य कराई जा रहे हैं जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन का ईद-होली मिलन 29 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रंगों के त्योहार होली और ईद की रूहानी खुशियों को एक साथ पिरोते हुए उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन द्वारा 29 मार्च को भव्य ईद एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पत्रकारों के बीच आपसी एकजुटता, संवाद और संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा देगा। समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन के सभागार में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं देवीपाटन मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन करेंगे। आयोजन की योजना और रूपरेखा जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता के प्रयासों से तैयार की गई है। जिले के सभी तहसीलों से जुड़े पत्रकार इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष स्वागत संबोधन देंगे, जबकि नानपारा तहसील महामंत्री असलम खान अतिथियों का औपचारिक अभिनंदन करेंगे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण संगठन के सभी पत्रकारों को आईडी कार्ड का वितरण रहेगा। इससे संगठनात्मक पहचान और पत्रकारों की प्रस्तुत गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। यह आयोजन केवल पत्रकारों के बीच भाईचारे को ही नहीं बढ़ाएगा, बल्कि जनपद में एकता, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द का मजबूत संदेश भी देगा।

# ब्लाक बलहा के कई ग्राम पंचायत में मनरेगा में चल रहा फर्जीवाड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बलहा, बहराइच। सीमावर्ती ब्लॉक बलहा नवाबगंज के दर्जनों गांवों में फर्जी मास्टर रोल का खेल जारी सरकारी धन का किया जा रहा बंदरबांट। बता दें कि प्रदेश की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के चौमुखी विकास हेतु विभिन्न प्रकार की योजना




चला कर ग्रामीणों को लाभान्वित कर रही है। साथ ही साथ ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्राम पंचायत का विकास हेतु अनेकों अनेक काम कर रही है, जिसमें मनरेगा भी शामिल इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के नाली, कच्ची सड़क, नाले इत्यादि की खुदाई और पढ़ाई का कार्य कराया जाता है। इसमें ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों की मिली भगत से बड़ा भ्रष्टाचारी देखने को मिल रहा है ताजा मामला बलहा ब्लॉक क्षेत्र के भलुहिया भारत गांव का है। जहां पर तुलसी तालाब पर बिना लेबर लगाएं हुए काम दिखाकर ग्राम प्रधान फर्जी तरीके से पेमेंट करने की जुगाड़ लगाए हुए हैं। ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत सरकारी धन के बंदरबन करने में लगे हुए बता दे कि ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों गांव में इन दिनों फर्जी मनरेगा के तहत मास्टर रोल पर हाजिरी भरी जा रही है जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत की वजह से सरकारी धन का बंदरबांट करने का प्रयास कर रहे है। देखने वाली बात होगी की क्या खबर प्रकाशित होने के बाद क्या इनपर कार्यवाही होगी या नहीं।

# नवरात्र में आस्था का संगम : 101 कन्याओं का हुआ पूजन व कन्या भोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर तेजवापुर ब्लॉक के बेहटा भया स्थित प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां 101 कन्याओं का विधि–विधान से पूजन कर भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए, तिलक लगाकर पूजन किया गया और स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। इसके पश्चात उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है और इससे समाज में सेवा व सम्मान की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और सभी ने आयोजन की सराहना की।इस अवसर पर प्रियंका साहू, पूजा सचान, कुसुम शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इकदिल पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना इकदिल पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरतार किया है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को थाना इकदिल पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नगला पंछी मोड़ पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सुरजेश यादव पुत्र स्वर्गीय रनवीर सिंह निवासी ग्राम नगला पंछी थाना इकदिल बताया। इस संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 58/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ मिलकर अंजाम दिया।

# ऊसराहार पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

## – रुद्रपुर चौराहे के पास कार्रवाई, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के तहत पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना ऊसराहार पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरतार किया है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को थाना ऊसराहार पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के



आधार पर पुलिस टीम ने रुद्रपुर चौराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सुमित उर्फ ओमेन्द्र सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी सरसई नावर, थाना ऊसराहार उम्र करीब 20 वर्ष बताया। इस संबंध में थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 40/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को थानाध्यक्ष बलराज भाटी, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक तरुण प्रताप सिंह, कांस्टेबल कपिल कुमार व कांस्टेबल आशीष मलिक की टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया।

# कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी स्वीकारने पर ही मिलेगा स्वच्छ जल

## - जल संरक्षण, स्वच्छता विषयक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। वाटरएड इंडिया की ओर से शहर के एक होटल भूमि में जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।



संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए वाटरएड के जिला समन्वयक आदित्य मिश्र ने संस्था द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाटरएड विगत कई वर्षों से जनपद में जल संसाधनों के संरक्षण, पुनर्भरण तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी राम शंकर वर्मा ने जल संरक्षण के साथ–साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ जल की उपलब्धता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब समुदाय स्वयं कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी स्वीकार करे। संगोष्ठी में जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विश्वनाथ तिवारी, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति अवस्थी, प्रवीण पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन सत्र में नेहरू युवा संगठन टीसी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू ने जिले में जल संसाधनों के संरक्षण, जल जीवन मिशन की योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक निगरानी और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में विवेकानंद, दयाली प्रसाद, पंकज कुमार, .ष्ण कुमार, राजकुमारी, मनीषा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और अपने–अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों और प्रयासों को साझा किया। अंत में प्रतिभागियों ने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. टीएमसी/सीपीओएच/प्रया./25-26/10 दिनांकः 24.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/टीएमसी/सी0पी0ओ0एच/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 20.04.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

**निविदा नं.** : टीएमसी-सीपीओएच-प्रया-15-25-26

**कार्यों का विवरण** : सीपीओएच कार्यशाला, प्रयागराज में कार्य अनुसूची के अनुसार हाइड्रोलिक पंप, मोटर, सिलेंडर तथा वाल्व (जिसमें प्रोपोर्शनल एवं सर्वो वाल्व शामिल हैं) के परीक्षण हेतु यूनिवर्सल हाइड्रोलिक टेस्ट बेंच की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग का कार्य।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (रू.)** : 15222000.00 | **कार्य समापन की अवधि** : 09 माह |
| **बयाना राशि (रू.)** : 226100.00 | **निविदा खुलने की तिथि** : 20.04.2026 |

**निविदा प्रपत्र की लागत (रू.)** : निल

**पात्रता मानदंड के लिए समान कार्य** : भारतीय रेल नेटवर्क पर ट्रैक मशीनों में उपयोग किए जा रहे हाइड्रोलिक पंप, मोटर, वाल्व एवं सिलेंडर के OEM (मूल उपकरण निर्माता) या उनके अधिकृत डीलर, या ट्रैक मशीनों के OEM।

**नोटः- 1.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर क्रमशः समय **15:00** बजे तक निविदा खुलने की तिथि तक उपलब्ध रहेगा। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act - 2000** के अन्तर्गत **C.C.A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर, यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** माल एवं / अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **5.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **6.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in.** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **7.** निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान अथवा GCC में निर्धारित नियम के अनुसार ही स्वीकार की जायेगी। **8.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **9.** आन लाइन निविदा दिनांक 20.04.2026 समय 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **10.** प्रशासनिक कारणों से इसी कार्य हेतु जारी निविदा संख्या **TMC-CPOH-PRYJ-14-25-26** जो कि दिनांक **02.04.2026** को खोला जाना निर्धारित था, को रद्द कर दिया गया है। **668/26 (AS)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


# संयुक्तप्रेस क्लब की जिला व नगर कार्यकारिणी का पांच को होगा गठन

## - पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए सदर विधायक को कल ज्ञापन सौंपेंगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब की जनपद व नगर कार्यकारिणी गठन, आई कार्ड व इंश्योरेंस सहित अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए पत्रकार साथी अपना सदस्यता फार्म फोटो लगाकर, साफ साफ शब्दों में भरकर, आधार कार्ड व संस्थान के अधि.त पत्र की कॉपी के साथ दो पासपोर्ट साइज अतिरिक्त फोटो सहित सभी आवश्यक प्रपत्र 31 मार्च तक जमा कर दें। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र, उपाध्यक्ष मसूद तैमूरी, संगठन मंत्री रघुवीर यादव व अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्नू चौरसिया ने बताया कि पांच अप्रैल दिन रविवार को प्रस्तावित बैठक में जिला व नगर की कार्यकारिणी में उत्तरदायित्व संभालने के लिए संयुक्त प्रेस क्लब की सदस्यता अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदर विधायक को एक ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रेस क्लब में सदस्य व पदाधिकारी बनने के इच्छुक सभी पत्रकार साथी अपने 2026 के अधि.त पत्र सहित सभी जरूरी



कागजात 31 मार्च से पूर्व जमा करें,जो पत्रकार साथी अपने प्रपत्र समय से जमा करेंगे, उन्हीं को कार्यकारिणी गठन में प्राथमिकता मिलेगी, सदस्यता के लिए अभी कोई शुल्क नहीं देनी है।

# आईआईटी कानपुर में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## - विज्ञान व स्टार्टअप मेले में एमनीव विजन स्कूल की प्रभावशाली भागीदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। एमनीव विजन स्कूल के कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के विद्यार्थियों




ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर में आयोजित विज्ञान एवं स्टार्टअप मेले में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्.ष्ट प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें नवाचार और तकनीकी समझ को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, .षि तकनीक एवं चिकित्सा तकनीक जैसे आधुनिक क्षेत्रों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। इस मेले में देशभर से आए 150 से अधिक स्टार्टअप्स और 120 से अधिक मेंटर्स ने भाग लिया, जिससे छात्रों को नई तकनीकों, नवाचारों और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रत्यक्ष अनुभव मिला। विद्यालय के शिक्षक भी इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। छात्रों ने विभिन्न स्टार्टअप्स के मॉडल और उनकी कार्यप्रणाली को समझते हुए विशेषज्ञों से संवाद किया तथा जिज्ञासा के साथ कई प्रश्न पूछे, जिससे उनकी समझ और अधिक विकसित हुई। इस सहभागिता से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की भावना और स्टार्टअप्स के प्रति रुचि और अधिक सशक्त हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते।

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में रन फॉर एम्पावरमेंट आयोजित

## - सदर विधायक ने दिखाई हरी झंडी, महिलाओं ने दिया सशक्तसंदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर, लाइन्स आयुषी सिंह सहित रिक्रूट महिला आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और समाज में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत रिजर्व पुलिस लाइन से होकर मोतीझील चौराहा, डीएम चौराहा एवं एसएसपी चौराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई। लगभग 3 किलोमीटर की इस दौड़ में प्रतिभागियों ने जोश और अनुशासन का परिचय दिया। विशेष रूप से क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने स्वयं दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। दौड़ में शामिल महिला आरक्षियों ने देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना के साथ भाग लेते हुए यह संदेश दिया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सक्षम, सशक्त और जागरूक हैं।




# भाजपा जिला कार्यकारिणी की परिचय बैठक संपन्न

## – प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बनी कार्ययोजना, जिम्मेदारियां सौंपी गई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण




कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने नव–नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी समय–समय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने हेतु प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है। इसी क्रम में जनपद की तीनों विधानसभाओं में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षण स्थल पर ही रात्रि विश्राम करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सदर विधानसभा का प्रशिक्षण वर्ग 29–30 मार्च, भर्थना विधानसभा का 4–5 अप्रैल तथा जसवंतनगर विधानसभा का 11–12 अप्रैल को नारायणा इंटर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग के सुचारु संचालन के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। समिति में डॉ. रमाकांत शर्मा को प्रभारी, .पा नारायण तिवारी को वर्ग प्रमुख, संजीव भदौरिया को वर्ग नियंत्रक, समीर सक्सेना को सह वर्ग नियंत्रक, अभिषेक मिश्रा को कार्यक्रम प्रमुख तथा सतेंद्र राजपूत को व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त व्यवस्था समिति में हरनाथ कुशवाह, अशोक चौबे, अनूप जाटव, अमित तिवारी, मधु तोमर, प्रीति दुबे, जितेंद्र पाल, सुरेश राजपूत, राजकमल यादव एवं रोहित शाक्य को दायित्व दिया गया है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष यशवर्धन चौधरी, बासु चौधरी, जिला मंत्री आयुष राज कोरी, संजू बाबू शाक्य, कोषाध्यक्ष राज कुमार वर्मा, सह मीडिया प्रमुख अंकित सैनी, अभिषेक प्रताप, सोशल मीडिया प्रमुख विमलेश शाक्य, सह–प्रमुख संदीप भदौरिया, आईटी प्रमुख शरद तिवारी, सह आईटी प्रमुख दीपेंद्र चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सैय्यदा फात्मा का जन्म दिनाकं 02.05.2021 को घर पर हुआ था। माता का नाम सबीना है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सबीना पत्नी नियाज निवासिनी ग्राम व पोस्ट सनगांव ब्लाक तेलियानी जिला फतेहपुर।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शाहबाज़ खान (Shahbaz Khan) था। अब मैनें अपना नाम बदलकर मोहम्मद शाबाज खान (Mohammad Shabaz Khan) कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम मोहम्मद शाबाज खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। मोहम्मद शाबाज खान पुत्र रईस खान, निवासी 105 बी. इमामगंज, नियर पोस्ट आफिस आबूनगर शहर व जिला फतेहपुर पिनकोड–212601 (उ.प्र.)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हर्ष कुमार जन्म दिनाकं 31.12.2020 को घर पर हुआ था। पिता का नाम रमेश चंद्र है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। रमेश चंद्र पुत्र जठाराम निवासी ग्राम गाजीपुर, ब्लाक बहुआ जनपद फतेहपुर उ0प्र0।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री नूर बानों का जन्म दिनाकं 13.05.1992 को घर पर हुआ था। माता का नाम ताहेरा बेगम है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। ताहेरा बेगम पत्नी नियाज मोहम्मद निवासिनी ग्राम व पोस्ट सनगांव ब्लाक तेलियानी जिला फतेहपुर।

# रेलमंडी में बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड, नौ पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। बिजली विभाग की प्रवर्तन टीम ने मोहल्ला रेलमंडी में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने सघन चेकिंग करते हुए करीब तीस घरों की जांच की, जिसमें नौ घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।



प्रवर्तन दल के जेई आलोक कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने संदिग्ध कनेक्शनों और अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों पर विशेष नजर रखी। जांच के दौरान कई घरों में कटिया डालकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी किए जाने के मामले सामने आए। जेई आलोक कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है और उनसे जुर्माना वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में जेई कौशल पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह, टीजी–2 और लाइन स्टाफ भी मौजूद रहा। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

# मूकबधिर बालक की फोटो प्रसारित कर परिजनों से मिलाने की पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बाल देखरेख संस्थान लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निवासरत एक मूकबधिर बालक की फोटो प्रसारित कर उसे उसके माता–पिता से मिलाने की पहल की गई है। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उक्त बालक की पहचान सुनिश्चित कर उसे सकुशल परिजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर फोटो का प्रकाशन कराया जाए। प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि बालक की फोटो को अपने स्तर से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंच सके और बालक अपने परिवार से पुनः मिल सके। इस पहल का उद्देश्य मानवता के आधार पर एक सराहनीय प्रयास करते हुए बालक को उसके परिवार से जोड़ना है, जिसके लिए जनसहयोग भी अपेक्षित है।

# राहिन मंदिर में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम

## – हेल्पलाइन नंबर व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम राहिन मंदिर में महिला सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ रही है।


## न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

# बाइक गिरने से शराब ठेका सेल्समैन की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरैची के समीप बुधवार की रात अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से शराब ठेका के सेल्समैन की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रानीपुर बहेरा गांव निवासी राजेश सिंह गाजीपुर थाना क्षेत्र के थुरियानी मजरे रायपुर भसरौल से ठेका बन्द कर बाइक से घर वापस जा रहा था। जब वह बरैची गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से मौके में पर ही उसकी मौत हो गयी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने पीएम से की मुलाकात

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। भारत सरकार की पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व जिले की पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। साध्वी ने इस महत्वपूर्ण पद पर विष्वास जताने के लिए प्रधानमंत्री का . तज्ञता व्यक्त की। आयोग की अध्यक्ष के निजी सहायक शिव प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि साध्वी निरंजन ज्योति ने प्रधानमंत्री को इस गरिमामय नियुक्ति के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया और पिछड़े वर्गों के उत्थान में अपना पूर्ण योगदान देने का संकल्प दोहराया। बताते चलें कि साध्वी निरंजन ज्योति ने 18 मार्च को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया था। हमीरपुर जिले के पत्योरा गांव में निषाद बिरादरी में जन्मीं साध्वी निरंजन ज्योति कथावाचक से शुरू करके विधायक, सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री तक का सफर तय कर चुकी हैं। वे निरंजनी अखाड़े की महामंडलेष्वर भी हैं। इस नियुक्ति को पिछड़े वर्गों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर लगातार जोर दे रही है। साध्वी निरंजन ज्योति ने मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री का यह विष्वास उन्हें पिछड़े वर्गों की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। उन्होंने आयोग के माध्यम से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और पिछड़े वर्गों के विकास से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का भरोसा जताया।



# आग युवती झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलन्दा में गुरूवार की दोपहर जलती हुयी धूपबत्ती कपड़े में गिर जाने से आग लग गयी। जिससे 18 वर्षीय झुलस गयी उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिलन्दा गांव निवासी दिनेश की पुत्री कशिश गुरूवार की दोपहर धूपबत्ती जला रही थी। तभी अचानक जलती हुयी बत्ती उसके कपडो में जा गिरी जिससे उसके कपडो में आग लग गयी और वह बुरी तरह झुलस गयी। चीख पुकार सुन मौके में पहुंचे परिजनों ने युवती के कपडों में लगी आग को जल्दी–जल्दी बुझाया और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# निवर्तमान के मोह में फंसी जिले की राजनीति, पूर्व कहलाने में आती शर्म?

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। राजनीति में पद तो आता–जाता रहता है, लेकिन पद के साथ जुड़ा मोह शायद ताउम्र पीछा नहीं छोड़ता। जिले के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों एक अजीबोगरीब भाषाई सर्कस देखने को मिल रहा है। जिले के कई माननीय, जिनमें पूर्व विधायक से लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष तक शामिल हैं, अपने नाम के आगे पूर्व की जगह निवर्तमान लिखने में अपनी शान समझ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई ऐसे दिग्गज हैं जिन्हें पद छोड़े हटाए गए या जनता द्वारा नकारे गए सालों बीत चुके हैं। बावजूद इसके, सोशल मीडिया की पोस्ट हो, शादी के कार्ड हों या फिर प्रेस नोट, हर जगह ये खुद को निवर्तमान ही लिख रहे हैं। नियमतः निवर्तमान शब्द का प्रयोग केवल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जिसका कार्यकाल अभी–अभी समाप्त हुआ हो और नया उत्तराधिकारी पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया में हो लेकिन हमारे जिले में तो गंगा ही उल्टी बह रही है। सालों पहले पूर्व हो चुके नेता भी खुद को निवर्तमान बताकर शायद यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें इतिहास का हिस्सा न माना जाए, हम अभी भी रेस में हैं। जानकारों की मानें तो निवर्तमान शब्द के पीछे एक मनोवैज्ञानिक डर और बड़प्पन की झूठी ठसक छिपी है। पूर्व शब्द राजनीति में एक पूर्णविराम की तरह महसूस होता है, जबकि निवर्तमान में एक निरंतरता का भ्रम बना रहता है। विशेषकर सत्ताधारी दल में यह चलन ज्यादा है, जहाँ नेताजी अपनी पुरानी ठसक छोड़ने को तैयार नहीं दिखते। आम जनता के बीच अब यह चर्चा का विषय है कि जब नया अध्यक्ष या नया विधायक पूरी सक्रियता से मैदान में है, तो पुराने सूरमा निवर्तमान का चोला पहनकर किसे भ्रमित कर रहे हैं? आखिर जो आज निवर्तमान है, वह कल पूर्व तो होगा ही, फिर इस सत्य को स्वीकार करने में इतनी हिचक क्यों?

# लिल्स बगिया में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

## - बच्चों को पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के सिविल लाइन स्थित लिल्स बगिया में गुरूवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स के डिप्टी डायरेक्टर डिसिप्लिन एंड विजिलेंस आदित्य पटेल ने शिरकत की। इसके अलावा विद्यालय के निदेशक अतुल सिंह सचान व प्रबंधिका नेहा सिंह सचान ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में छात्र–छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। आदित्य पटेल व नेहा सिंह सचान ने वार्शिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक सत्र 2025–26 के सक्रिय अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा पीजी में अनिरूद्ध सिंह चौहान ने प्रथम, आकृषि ने द्वितीय, नव्या राजपूत व वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी में कुंवर रूद्राश प्रताप सिंह, आद्रिका मिश्रा ने प्रथम, श्लोक ने द्वितीय व कृति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से अनन्या शुक्ला ने प्रथम, विराज माधव ने द्वितीय व ईशान साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा एक में आव्या श्रीवास्तव प्रथम, आयुष्मान द्वितीय व ईशानी पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा दो में अनिका उमराव प्रथम, अभिशेक द्वितीय व काव्या तृतीय रहीं। कक्षा तीन में सक्षम यादव प्रथम, आदविका सिंह द्वितीय व अवितथ पटेल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में कार्तिकेय प्रथम, अनव सिंह राजपूत द्वितीय व मिस्टी कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा पांच में निरवान नौशाद प्रथम, शुभी द्विवेदी द्वितीय व निर्वेद निषाद तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह अन्य कक्षाओं में भी बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने समारोह में उपस्थित छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया।



# अदालती नोटिस

समन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दालेह मुतवफी
(आर्डर 22 कायदा 4)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट सं0–1 फतेहपुर
नं0 मु0–226 सन् 1995 ई०
रामकुमार उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र श्री घूरू निवासी रामपुर पचभिटा, परगना तहसील व जनपद फतेहपुर उ0प्र0, स्वर्गवासी दिनांक 11/04/2017
1/1. शिवगोपाल उम्र करीब 40 साल 1/2. किशनपाल उम्र करीब 36 साल 1/3. रोहित कुमार उम्र करीब 24 साल पुत्रगण स्व0 रामकुमार
1/4. पुष्पा देवी उम्र करीब 20 वर्ष 1/5. आशा देवी उम्र करीब 33 वर्ष पुत्रीगण स्व0 रामकुमार समस्त निवासीगण ग्राम रामपुर पचभिटा परगना तहसील व जनपद फतेहपुर।
1/6. ज्ञाना देवी उम्र करीब 30 वर्ष पुत्री स्व0 रामकुमार पत्नी शैलेन्द्र कुमार निवासिनी ग्राम बहरामपुर परगना हसवा, तहसील व जनपद फतेहपुर।?
1/7. कुसुमा देवी उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री स्व0 रामकुमार पत्नी फूलकुमार निवासिनी ग्राम बाबा का पुरवा, परगना तहसील व जनपद फतेहपुर।
..........वादीगण
....बनाम...........
01.रामरतन उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र बंशी निवासी ग्राम रामपुर पचभिटा परगना, तहसील व जनपद फतेहपुर, मृतक
1/1. सुन्दरा देवी कोरी उम्र लगभग 55 साल पत्नी स्व0 रामरतन
1/2. श्रीमती सिया दुलारी कोरी उम्र लगभग 30 साल पुत्री स्व0 रामरतन निवासीगण ग्राम रामपुर पचभिटा परगना तहसील व जनपद फतेहपुर।
1/3. फूलमती कोरी उम्र लगभग 38 साल पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी किशन निवासिनी ग्राम बरौंहा परगना गाजीपुर पोस्ट चकसकरन तहसील व जनपद फतेहपुर।
1/4. श्रीमती कलावती कोरी उम्र करीब 36 वर्ष पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी रामकेशन निवासिनी ग्राम शाह, परगना अयाह शाह तहसील व जनपद फतेहपुर।
1/5. श्रीमती रामरानी कोरी उम्र करीब 34 वर्ष पुत्री स्व0 रामरतन पत्नी रामखेलावन निवासिनी ग्राम करबिगवां परगना सरसौली पोस्ट नरवल जनपद कानपुर नगर।
हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट सं0–1 फतेहपुर।

# अदालती नोटिस

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।
वाद संख्या 218 सन् 2025
नीलम देवी आदि बनाम राम बाबू
धारा– 147 भा0ना0सु0सं0
थाना– बिन्दकी
जिला– फतेहपुर।
यूंकि प्रत्युत्तरदाता रामबाबू उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र रजपाल निवासी ग्राम फरीदाबाद टिकरी थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर उ0प्र0 आपके विरूद्ध याची– 1. नीलम देवी उम्र करीब 34 वर्ष पत्नी रामबाबू पुत्री स्व0 जगतपाल 2. खुशी उम्र लगभग 13 वर्ष (नाबालिग) पुत्री रामबाबू जरिए कुदरती संरक्षिका माता नीलम देवी पत्नी रामबाबू निवासीगण हालमुकाम ग्राम धानेमऊ थाना बिन्दकी जिला फतेहपुर उ0प्र0 ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है।
एतद्द्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2026 को, समय बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें।
एतद्द्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं होगे। एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्मित ' किया नायेंगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 23.03.2026 को पारित किया गया, जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।
न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
फतेहपुर।

# युवक ने पेड़ से लटककर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव में गुरुवार सुबह एक युवक द्वारा पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बड़ागांव निवासी राजा यादव 35 वर्ष पुत्र रतिराम यादव, जो जम्मू में नीलकमल कंपनी में मजदूरी करता था, फरवरी माह में परिवार की एक शादी में शामिल होने के लिए गांव आया हुआ था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात रोज की तरह वह खाना खाने घर आया था, तभी किसी बात को लेकर उसकी पत्नी केशकली से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि राजा यादव घर से चादर लेकर बाहर निकल गया। सुबह करीब 6 बजे जंगल की ओर जाने वाले ग्रामीणों ने गांव के ही रामानुज द्विवेदी के बाग में आम के पेड़ से युवक का शव लटकता देखा। इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचकर परिजनों में चीख–पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी केशकली और चार बच्चों कुलदीप 18 वर्ष, काजल, लक्ष्मी और संदीप को छोड़ गया है। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलने पर गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि प्रथम .ष्टया मामला पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शुद्ध पेयजल से जल जनित रोगों से बचेंगे ग्रामीण : विकास

## - ग्राम पंचायत घनघोल में विधायक ने जल अर्पण कार्यक्रम का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शासन की शीर्ष प्राथमिकता के कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड हसवा की ग्राम पंचायत घनघोल में पेयजल योजना का विधायक विकास गुप्ता की अध्यक्षता व ग्राम ग्रामवासियों की उपस्थिति में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेयजल योजना विगत एक वर्ष से संचालित है। लगातार क्लोरीनउक्त पानी की सप्लाई की जा रही है। विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए योजना से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया कि शुद्ध पेयजल पीने से ग्रामवासी जल जनित रोगों से बचेंगे और बीमारी के इलाज में खर्च होने वाला पैसा भी बचेगा। लोगों से अपील किया कि पानी को व्यर्थ न बहाएं। घनघोल ग्राम पेयलज योजना से विधायक संतुष्ट रहे और अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, कंस्ट्रक्शन कंपनी, जल जीवन मिशन की समस्त टीम की सराहना भी किया। पेयजल योजना के निर्माण से लोगों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने विधायक को इस योजना के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, सहायक अभियंता कैलाश चंद्र, अवर अभियंता विवेक कुमार, टीपीआई से डीपीएम .ष्ण कुमार खरे, कार्यदाई संस्था से भाविक, मनोज तिवारी, अंकुर, आईएसए कोआर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, सीबीटी स्वाति अवस्थी, जीआईएस जितेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान जानकी देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।




# डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। तेज रतार अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार दोस्तों को टक्कर मार दिया जिससे एक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक ने एक मृत घोषित वहीं गंभीर हालत देखते हुये वृद्ध को कानपुर के लिए रेफर कर दिया। ललौली थाना क्षेत्र के गौरी गांव समीप गौरी मोड़ पर बृहस्पतिवार को सुबह 05:30 बजे बहुआ से ललौली की ओर जा रहे तेज रतार डंपर अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दिया। डंफर तीनों के पैरो को कुचलता हुआ फरार हो गया। हादसे में मलवां थाना क्षेत्र के इटरौरा गांव निवासी चुन्नूलाल रैदास का पुत्र मिलन रैदास (26) की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और हादसे में गाजीपुर थाना क्षेत्र के अयाह निवासी महावीर रैदास का पुत्र देशराज (55) व मलवां थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव निवासी बलराम (60) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे तत्काल पुलिस ने सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने देशराज को मृत घोषित कर दिया।

# वृद्धाश्रम में एक पेड़ मां के नाम चला अभियान

## - मां व प्रकृति के प्रति सम्मान जता किया पौधरोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मवइया स्थित वृद्धाश्रम में गुरुवार को अटल वयो अभ्युदय योजना एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने माँ और प्र.ति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मातृभूमि और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और समर्पण का प्रतीक है। वक्ताओं ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने में सहायक होगी। माँ और प्र.ति दोनों ही जीवन के मूल आधार हैं, और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। कार्यक्रम में आश्रम संचालिका नीतू वर्मा, संस्था अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, कंचन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी से अपील की गई कि वे इस अभियान से जुड़कर अपनी माँ के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।



# चुनाव कार्यालय उद्घाटन में एकजुट दिखे अधिवक्ता

## - संगठन के प्रत्याशियों की जीत के लिए अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के चुनाव में सभी से संगठनों ने अपनी–अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने एव प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए संगठनों की ओर से पुरजोर कोशिश जारी है। अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के बाद चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर डीबीए चुनाव में जीत हासिल करने की औपचारिक शुरुआत हो गयी है। गुरुवार को व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन की ओर से सिविल लाइन निकट पार्षद चौराहा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष सूर्यबली निषाद द्वारा किया गया। संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बाबू सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकांत वर्मा, महामंत्री प्रत्याशी मोहम्मद शाहजहां, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी विनोद पासवान, उपाध्यक्ष देवनारायण तिवारी द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं का स्वागत कर उनसे जीत के लिये समर्थन मांगा गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार पांडेय, वसीम अंसारी, प्रमोद उपाध्याय, तगुरु प्रसाद, रामदास उत्तम, शैलेंद्र पटेल, बृजेश बाजपेई, वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, आसिफ मकसूद, बाबूलाल करुणाकर, मायाराम, फूल सिंह यादव, प्रवीण द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह यादव, राम सिंह, बीके वर्मा, मजहर, राजन श्रीवास्तव, रमेश चंद वर्मा, संतोष वर्मा, विजय सिंह, रंजीत कुमार, राजकुमार सिंह लोधी, राजकरण सिंह, सेवालाल दिवाकर, नमिता यादव, छाया सिंह, प्रियंका यादव, शैलेंद्र कुमार यादव, लखन मौर्य, गुरु प्रसाद, श्री.ष्ण गुप्ता, जय नारायण द्विवेदी, रंजन श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, कमलेश शुक्ला, रामदत्त त्रिवेदी, उमेश द्विवेदी, मुलायम सिंह यादव, इंद्रजीत यादव भी मौजूद रहे। व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष श्रीराम पटेल एडवोकेट द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं से डीबीए चुनाव में व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के संयुक्त प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए समर्थन मांगा गया।




स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )